पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया

लखनऊः 02 अक्टूबर, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज कुण्डरी रकाबगंज में जय जवान जय किसान जागृति मंच द्वारा आयोजित कार्यक्रम में जाकर पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तथा अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। गांधी जी ने देश को आजादी दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी तथा पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 लाल बहादुर शास्त्री ने आजादी की रक्षा करने में अपना योगदान दिया। 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी का जन्म हुआ और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का जन्म भी 2 अक्टूबर को हुआ। दोनों महापुरूषों ने अपने जीवन में भारत का नाम ऊंचा किया। महात्मा गांधी ने देश को आजाद कराने हेतु चल रहे आन्दोलन को गति दी। देश को आजाद कराने का आन्दोलन 1857 से चल रहा था। इस आन्दोलन में भगत सिंह, वीर सावरकर जैसे अनेक वीरों ने क्रांति का रास्ता अपनाकर देश को आजाद कराने में अपना योगदान दिया। नेताजी सुभाष चन्द्र बोस ने विदेश में आजाद हिन्द फौज की स्थापना की। वीर सावरकर को अंग्रेजों ने दो बार आजीवन कारावास की सजा सुनाई। स्वराज को हम सुराज में परिवर्तित करने की कोशिश करें। उन्होंने कहा कि देश की अस्मिता और सुरक्षा के लिए आज पूरा देश एक है।

कार्यक्रम में महापौर डा0 दिनेश शर्मा, सूचना आयुक्त श्री स्वदेश कुमार सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग भी उपस्थित थे।

अंजुम/ललित/राजभवन (371/09)

जय जवान